दिन– शनिवार दिनांक– 24 / 05 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में नीति आयोग की शासी परिषद की दसवीं बैठक की अध्यक्षता करेंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी होंगे शामिल।

02. राज्य सरकार ने कहा– प्रदेश में सरकारी नौकरियों और सरकारी शिक्षण संस्थानों में नामांकन के लिए बिहार के मूल निवासी दिव्यांगजनों को ही आरक्षण का लाभ मिलेगा।

03. दरभंगा की एमपी–एमएलए अदालत ने मारपीट के एक मामले में भाजपा विधायक मिश्री लाल यादव की सजा को बरकरार रखा।

04. और, बक्सर जिले के अहियापुर गांव में आज तड़के हथियारबंद अपराधियों की गोलीबारी में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत। दो गम्भीर रूप से घायल।

————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में नीति आयोग की शासी परिषद की दसवीं बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इस वर्ष की बैठक का विषय है– विकसित भारत के लिए विकसित राज्य एट द रेट दो हजार सैंतालीस। बैठक में राज्यों के मुख्यमंत्री और केन्द्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपाल, केन्द्रीय मंत्री तथा नीति आयोग के उपाध्यक्ष, सदस्य और मुख्य कार्यकारी अधिकारी शामिल होंगे। ब्यौरा हमारे संवाददाता से....

———बाईट———

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नीति आयोग की बैठक में शामिल होंगे। श्री कुमार पच्चीस मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की एक महत्वपूर्ण बैठक में भी भाग लेंगे।

————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने दो दिवसीय बिहार दौरे के क्रम में पटना में उनतीस मई को पार्टी सांसदों, विधायकों, विधान पार्षदों और पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने बताया कि यह बैठक भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित की जायेगी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री इस दौरान बूथ सशक्तीकरण पर चर्चा करेंगे। डॉक्टर जायसवाल ने कहा कि श्री मोदी पटना एयरपोर्ट से नेहरू पथ होते हुए पार्टी कार्यालय तक एक रोड शो भी करेंगे।

————————————————————

बिहार के मूल निवासी दिव्यांगजनों को ही सरकारी नौकरियों और सरकारी शिक्षण संस्थानों में नामांकन के लिए आरक्षण का लाभ मिलेगा। सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है।

———————————————————————

शिक्षा विभाग ने एक लाख तीस हजार शिक्षकों का ऐच्छिक तबादला करते हुये उन्हें जिला आवंटित कर दिया है। विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉक्टर एस. सिद्धार्थ ने बताया कि अब जिला शिक्षा पदाधिकारी इन शिक्षकों को पन्द्रह जून तक विद्यालय आवंटित करेंगे। तेईस जून से तीस जून तक आवंटित विद्यालयों में इन शिक्षकों को योगदान देना होगा। डॉक्टर सिद्धार्थ ने बताया कि पूरी पारदर्शिता के साथ शिक्षकों का स्थानांतरण किया जा रहा है। तबादला से असंतुष्ट शिक्षक डीईओ कार्यालय में आवेदन भी दे सकते हैं।

———————————————————————

पर्यटन मंत्रालय के स्वदेश दर्शन योजना के दूसरे चरण के तहत बोधगया में बौद्ध ध्यान और अनुभव केन्द्र का निर्माण किया जायेगा। पर्यटन विभाग के विशेष सचिव उदयन मिश्रा ने बताया कि मंत्रालय ने इस संबंध में बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा भेजे गये प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसके निर्माण पर एक सौ पैंसठ करोड़ चौवालीस लाख रूपये से अधिक की लागत आयेगी।

———————————————————————

दरभंगा की एमपी–एमएलए अदालत ने मारपीट के एक मामले में अलीनगर से भाजपा विधायक मिश्री लाल यादव और उसके एक सहयोगी सुरेश यादव की सजा को बरकरार रखा है। भाजपा विधायक ने इस मामले में पुनर्विचार याचिका लगायी थी। इसपर सुनवाई के बाद अदालत ने फैसला बरकरार रखा। गौरतलब है कि इस मामले में विधायक और उसके सहयोगी को इक्कीस फरवरी को न्यायालय ने दोषी ठहराते हुये तीन–तीन महीने कारावास और पांच–पांच सौ रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई थी।

———————————————————————

बक्सर जिले के अकबरपुर पंचायत के अहियापुर गांव में आज तड़के हथियारबंद अपराधियों ने एक ही परिवार के आधा दर्जन से अधिक लोगों पर फायरिंग की। हमारे संवाददाता ने बताया कि इस घटना में मौके पर ही दो लोगों की मौत हो गयी जबकि एक अन्य गम्भीर रूप से घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान बनारस में मौत की खबर है। वहीं, दो अन्य गम्भीर रूप से घायलों का बनारस में इलाज चल रहा है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुरानी रंजिश में इस घटना को अंजाम दिया गया। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

————————————————————————

निर्वाचन आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर कई महत्वपूर्ण बदलाव किये हैं। अब बहुमंजिली इमारतों और घनी आबादी वाली कॉलोनी में अतिरिक्त सहायक मतदान केन्द्र बनाये जायेंगे। आयोग ने मतदाताओं की सुविधा के लिए एक हजार दो सौ मतदाताओं पर एक बूथ बनाने का निर्णय लिया है। पहले एक बूथ पर डेढ़ हजार मतदाता होते थे। आयोग ने कहा है कि वोटर पर्ची को मतदाताओं की आवश्यकता के अनुरूप बनाया जायेगा। इसमें मतदाता का सीरियल नम्बर और भाग संख्या स्पष्ट रूप से प्रदर्शित होगा, जिससे बूथ पर पहचान में आसानी होगी। आयोग ने मतदान केन्द्रों पर मोबाईल जमा करने की भी सुविधा देने का निर्णय लिया है।

————————————————————————

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से उत्साहित समग्र राष्ट्र भारतीय जवानों के शौर्य और साहस को नमन कर रहा है। सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता की भावना से आकाशवाणी समाचार एक विशेष श्रृंखला प्रसारित कर रहा है। इस कड़ी में आज हम परमवीर चक्र से सम्मानित लांस नायक अल्बर्ट एक्का को स्मरण कर रहे हैं, जिन्होंने उन्नीस सौ इकहत्तर के भारत–पाक युद्ध में सर्वोच्च बलिदान दिया था।

———बाईट———

————————————————————————

पटना, वैशाली, नालंदा, भोजपुर और गया समेत राज्य के दक्षिणी हिस्सों में कुछ स्थानों पर आज सुबह से हल्की बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के दक्षिणी, उत्तर–पूर्व, उत्तर–पश्चिम और उत्तर–मध्य भागों में कुछ जगहों पर तेज हवा के साथ बारिश की सम्भावना है। इस दौरान वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है।

———बाईट———

————————————————————————

पटना एम्स में नेत्र बैंक का संचालन शुरू हो गया है। कल मुंगेर जिले के एक वृद्ध की मृत्यु के बाद उनके परिजनों ने पहली बार एम्स में कॉर्निया का दान किया। एम्स के कार्यकारी निदेशक डॉक्टर सौरभ वार्ष्णेय ने बताया कि पटना एम्स में एलवीपीईआई, हैदराबाद के सहयोग से अत्याधुनिक नेत्र बैंक की स्थापना की गयी है।

————————————————————————

कैबिनेट सचिवालय ने ऑनलाइन फील्ड असिस्टेंट, जी.डी. के एक हजार सात सौ छत्तीस पदों के लिए भर्ती विज्ञापन प्रसारित होने की बात से साफ इनकार किया

है। सचिवालय ने स्पष्ट किया कि फील्ड असिस्टेंट (जी.डी.) की भर्ती के लिए कोई आधिकारिक अधिसूचना जारी नहीं की गई है।

———————————————————

संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा का कल पटना के इक्यानवे केन्द्रों पर आयोजन किया जायेगा। जिलाधिकारी डॉक्टर चन्द्रशेखर सिंह ने बताया कि दो पाली में आयोजित होने वाली परीक्षा को लेकर सभी प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं।

———————————————————

रेलवे भर्ती बोर्ड ने एनटीपीसी स्नातक स्तरीय परीक्षा के कार्यक्रम में बदलाव किया है। अब ये परीक्षा पांच जून से चौबीस जून तक आयोजित की जायेगी।

———————————————————

निगरानी अन्वेषण ब्यूरो पटना की टीम ने मधुबनी जिले के जयनगर अंचल के सीआई अजय कुमार मंडल को तीन लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। वहीं, सीबीआई की टीम ने सहरसा प्रधान डाकघर के डाक सहायक संजीत कुमार को पांच हजार रूपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार डाक सहायक एक डाक कर्मी का वेतन जारी करने के बदले उससे घूस ले रहा था।

———————————————————

मुजफ्फरपुर के रामकृष्णा नगर थाना क्षेत्र से पुलिस ने साईबर ठग गिरोह के तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से बत्तीस मोबाईल फोन समेत कई आपत्तिजनक सामान बरामद किये गये हैं।

———————————————————

गयाजी कोतवाली थाना क्षेत्र के कुमार कॉलोनी से जिला औषधि और ग्वालियर से आई नारकोटिक्स विभाग की टीम ने संयुक्त कार्रवाई कर तीन करोड़ रूपये मूल्य की नकली दवा जब्त की है।

———————————————————

किशनगंज जिले के भारतीय सीमा के अंदर पिलर संख्या नवासी–चार के पास से पुलिस ने एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया है। उसके पास से कई आपत्तिजनक कागजात जब्त किये गये हैं।

———————————————————

अररिया जिले के फुलकाहा थाना क्षेत्र के मानिकपुर के पास पुलिस और एसएसबी की संयुक्त कार्रवाई में एक किलो सात सौ पचास ग्राम गांजा के साथ नेपाल के एक तस्कर की गिरफ्तारी हुई है।

————————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– बिहार को पचास हजार करोड़ रूपये की परियोजनाएं देंगे पीएम।

प्रभात खबर ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के हवाले से लिखा है– जमालपुर के रेल संस्थान का तीन सौ पचास करोड़ से होगा विकास।

दैनिक जागरण लिखता है– सीएम आज जायेंगे दिल्ली, कॉन्क्लेव में लेंगे भाग।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– टीआरई–चार के तहत नब्बे हजार शिक्षकों की भर्ती होगी, फिर भी साठ हजार पद रहेंगे खाली।

राष्ट्रीय सहारा के शब्द है– लालू प्रसाद के खिलाफ आरोप पत्र पर संज्ञान लेने के मामले में फैसला सुरक्षित।

आज अखबार लिखता है– दिल्ली में कोरोना के तेईस नये मामले।

————————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में नीति आयोग की शासी परिषद की दसवीं बैठक की अध्यक्षता करेंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी होंगे शामिल।
02. राज्य सरकार ने कहा– प्रदेश में सरकारी नौकरियों और सरकारी शिक्षण संस्थानों में नामांकन के लिए बिहार के मूल निवासी दिव्यांगजनों को ही आरक्षण का लाभ मिलेगा।
03. दरभंगा की एमपी–एमएलए अदालत ने मारपीट के एक मामले में भाजपा विधायक मिश्री लाल यादव की सजा को बरकरार रखा।
04. और, बक्सर जिले के अहियापुर गांव में आज तड़के हथियारबंद अपराधियों की गोलीबारी में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत। दो गम्भीर रूप से घायल।

————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।